श्री बंशीधर नगर, शनिवार
19.09.2026
भाद्रपद शुक्लपक्ष अष्ठमी संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 28

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:32 बजे
अस्त - 06:21 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.



कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
# बंशीधर न्यूज



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
जावा महुआ और शराब बनाने की सामग्री नष्ट >> पेज 03
23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में 'तुम मेरे हो' >> पेज 05

## सुविचार

वक्त बहुत कम है यदि हमें कुछ करना है तो अभी से शुरूआत कर देनी चाहिए
-अल्बर्ट आइंस्टीन

## न्यूज अपडेट्स

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

**धनबाद।** धनबाद के गोविंदपुर में जीटी रोड पर हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात करीब साढ़े आठ बजे गाहिरा पेट्रोल पंप के पास कोलकाता लेन में हुआ। दोनों युवक बाइक से गोविंदपुर से निरसा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान तौफा मोदी (20) और राहुल मोदी के रूप में हुई है। दोनों युवक मजदूरी का काम करते थे। बताया जा रहा है कि गुरुवार देर रात दोनों युवक स्पोर्ट्स बाइक से गोविंदपुर से निरसा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गाहिरा पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में तौफा मोदी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राहुल मोदी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल राहुल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही दोनों युवकों के परिवार में कोहराम मच गया।

**अदालत** जेएसएससी-सीजीएल समेत नियुक्तियां रद्द करने के आदेश पर रोक बरकरार, 7 को अगली सुनवाई

# सभी नियुक्तियां गलत नहीं : हाइकोर्ट

### झारखंड हाइकोर्ट के सेवानिवृत्त जज करेंगे जांच की निगरानी



**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने जेएसएससी-सीजीएल (विज्ञापन संख्या 10/2023) समेत विभिन्न भर्ती परीक्षाओं और नियुक्तियों को रद्द करने के राज्य सरकार के आदेश पर लगी रोक शुक्रवार को बरकरार रखी। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत में आकाश गौरव एवं अन्य, निरोज खेस एवं अन्य समेत कई याचिकाओं पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया, जिस पर जवाब दाखिल करने के लिए प्रार्थियों ने समय मांगा। मामले की अगली सुनवाई सात अक्टूबर को होगी।

सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि केवल एक अधिसूचना जारी कर स्थायी नियुक्ति पा चुके कर्मचारियों को नौकरी से नहीं हटाया जा सकता। अदालत ने यह भी कहा कि अब तक सामने आए तथ्यों से प्रथमद्दष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि सभी नियुक्तियां पूरी तरह सही तरीके से नहीं हुई हैं, लेकिन इससे यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि सभी नियुक्तियों में गड़बड़ी हुई है। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि जेपीएससी को एक परीक्षा आयोजित करने और नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने में दो से तीन वर्ष तक का समय लग जाता है। ऐसे में एक साथ करीब 2,700 नियुक्तियां रद्द होने से बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों की नौकरी प्रभावित होगी। मामले की जांच की निगरानी के लिए अदालत ने झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी को नियुक्त किया है। वहीं, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी आर.के. मल्लिक को नोडल अधिकारी बनाया गया है। याचिकाकताओं की ओर से वरीय अधिवक्ता राजीव रंजन, अधिवक्ता श्रेय मिश्रा, इंद्रजीत सिन्हा और अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता रोहिताश्य राय और वरीय अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने दलीलें दीं।

### सरकार ने सीजीएल रद्द करने को उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बताया

राज्य सरकार ने अपने शपथ पत्र में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द करने के फैसले को उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बताया है। कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव अमर कुमार की ओर से दाखिल शपथ पत्र में कहा गया है कि सीजीएल की पूरी परीक्षा प्रक्रिया कथित अनियमितताओं के कारण दूषित हो गई थी। ऐसे में सही तरीके से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले और अनुचित तरीके से लाभ पाने वाले अभ्यर्थियों के बीच अंतर कर पाना संभव नहीं था। सरकार ने अपने पक्ष के समर्थन में उच्चतम न्यायालय के विभिन्न फैसलों और दिशा-निर्देशों का हवाला दिया है। शपथ पत्र में वानशिखा बनाम केंद्र सरकार मामले का भी उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यदि किसी परीक्षा की पूरी प्रक्रिया दूषित हो जाए और सही तथा गलत तरीके से चयनित अभ्यर्थियों के बीच अंतर करना संभव न हो तो पूरी परीक्षा रद्द की जा सकती है।

शपथ पत्र के अनुसार, सीजीएल परीक्षा से संबंधित गोपनीय कार्य आईसीएन टेक्नोलॉजी को दिया गया था। इसमें प्रश्नपत्रों की छपाई और उन्हें परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने समेत अन्य कार्य शामिल थे। सरकार ने बताया है कि सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ी के मामले में कंपनी के सीईओ सोमांश प्रकाश समेत 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच जारी है। इस सिलसिले में 265 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं।

सरकार के अनुसार, जांच में परीक्षा संचालन से जुड़ी एजेंसी पर बड़े पैमाने पर अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। शपथ पत्र में कहा गया है कि पैसे लेकर अभ्यर्थियों को प्रश्नों के उत्तर रटाने और परीक्षा में अनुचित लाभ पहुंचाने से संबंधित तथ्य जांच में सामने आए हैं। सरकार ने नेपाल के अलावा आसनसोल, कोलकाता, बिहार, झरिया और बोकारो में ऐसे मामलों की जानकारी मिलने का दावा किया है। शपथ पत्र के मुताबिक, नेपाल में प्रश्नों के उत्तर रटाए गए 28 अभ्यर्थियों में से 10 सीजीएल परीक्षा में सफल हुए।

सरकार ने यह भी बताया कि सीजीएल में चयनित अभ्यर्थियों को जारी नियुक्ति पत्र में स्पष्ट किया गया था कि उनकी नियुक्ति सीआईडी जांच के परिणाम से प्रभावित होगी। सरकार के अनुसार, जांच में पूरी परीक्षा प्रक्रिया के दूषित होने के तथ्य सामने आने के बाद सही और गलत तरीके से चयनित अभ्यर्थियों के बीच अंतर करना मुश्किल पाया गया। इसके बाद मंत्रिमंडल ने परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया और उसी के आधार पर आदेश जारी किया गया।

### 22 परीक्षाएं रद्द, छह स्थगित और 17 जांच के दायरे में

उल्लेखनीय है कि सीआईडी जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर राज्य सरकार ने 18 अगस्त की देर रात जेएसएससी-सीजीएल समेत विभिन्न भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की थी। साथ ही वर्ष 2014 से आयोजित विभिन्न नियुक्ति परीक्षाओं में संभावित अनियमितताओं की जांच कराने का फैसला किया गया था।

इसके बाद कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने संबंधित अधिसूचनाएं जारी कीं। इनमें 22 परीक्षाओं को रद्द करने, छह परीक्षा प्रक्रियाओं को स्थगित रखने और 17 परीक्षाओं को जांच के दायरे में शामिल करने का उल्लेख है।

## को-ऑपरेटिव घोटाले में ठेकेदार संजय डालमिया के घर छापेमारी

**सरायकेला।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सरायकेला में शुक्रवार सुबह ठेकेदार संजय डालमिया के पटनायक टोला स्थित आवास पर छापेमारी की। तीन वाहनों से पहुंची ईडी की टीम ने घर को अपने कब्जे में लेते हुए जांच शुरू की। टीम घर के अंदर विभिन्न स्थानों पर दस्तावेजों एवं अन्य सामानों की जांच कर रही है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई सहकारिता बैंक से करीब 35 करोड़ रुपये का लोन लेने और उसके भुगतान नहीं किए जाने से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में की जा रही है। ईडी की टीम मामले से संबंधित वित्तीय लेन-देन और दस्तावेजों की जांच कर रही है।

छापेमारी के दौरान घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था भी देखी गई। टीम की कार्यवाही जारी है। जांच पूरी होने के बाद मामले में आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। लोन मामले में कारोबारी संजय डालमिया फिलहाल जमानत पर बाहर है।

## हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन अस्पताल में भर्ती



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन की तबीयत बिगड़ने पर शुक्रवार को उन्हें रांची के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुबह सांस लेने में परेशानी की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल लाया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. नितेश प्रिया के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम उनका इलाज कर रही है। रांची स्थित हिल व्यू अस्पताल के डॉ. नितेश प्रिया ने शुक्रवार को बताया कि रूपी सोरेन की हालत फिलहाल स्थिर है और उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि सांस लेने में तकलीफ के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मेडिसिन विशेषज्ञ और आईसीयू की टीम उनकी निगरानी और उपचार में जुटी है। डॉ. प्रिया के अनुसार, रूपी सोरेन पेट संबंधी समस्या से भी जूझ रही हैं और इसका इलाज हैदराबाद में चल रहा था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाल ही में अपनी मां को इलाज के लिए हैदराबाद लेकर गए थे और दो दिन पहले ही वहां से रांची लौटे हैं। उन्होंने बताया कि सांस लेने में परेशानी के कारणों का पता लगाने के लिए कई चिकित्सकीय जांच कराई जा रही हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही सांस संबंधी समस्या के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा।

## सीआरपीएफ रैफ के ऑडिट में रिश्वतखोरी, सीबीआई ने सीनियर अकाउंटेंट को दबोचा

**रांची।** सीबीआई की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने सीआरपीएफ के रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) की इंटरनल ऑडिट पार्टी (आईएपी) के सीनियर अकाउंटेंट सोनू कुमार को पटना से गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि वह रैफ के हवलदार राकेश कुमार सिंह से 14 हजार रुपये रिश्वत ले रहा था। सीबीआई ने ट्रैप लगाकर उसे रंगे हाथों पकड़ा। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सीबीआई रांची की टीम उसे लेकर रांची आ रही है। आरोपित के विरुद्ध हवलदार राकेश कुमार सिंह की शिकायत पर सीबीआई की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने 16 सितंबर को प्राथमिकी दर्ज की थी। हवलदार राकेश जमशेदपुर के आदित्यपुर के बागान पारा गम्हरिया स्थित पूजा कुंज में रहते हैं। उन्होंने सोनू कुमार पर आरोप लगाया था कि सोनू कुमार ने उनपर हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) ज्यादा लेने का आरोप लगाया और उसे वापसी से बचाने के एवज में 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। उन्होंने इसकी शिकायत सीबीआई में की थी, जिसका सत्यापन कराया गया तो मामला सही पाया गया। इसके बाद सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की और आरोपित सोनू कुमार को गिरफ्तार किया। वह रिश्वत की पहली किश्त की राशि के रूप में 14 हजार रुपये ले रहा था। इसी दौरान पकड़ा गया। सीबीआई के डीएसपी कुलदीप के नेतृत्व में पटना गई टीम ने उसे गिरफ्तार किया है। दर्ज कांड के अनुसंधानकर्ता भी सीबीआई की एसीबी रांची के डीएसपी कुलदीप ही बनाए गए हैं। रैफ के हवलदार राकेश कुमार सिंह ने सीबीआई को दी गई अपनी शिकायत में बताया है कि उनके सीनियर अधिकारी एएसआई बीके बेहूरा ने उन्हें फोन कर बताया कि सीआरपीएफ की इंटरनल ऑडिट टीम के कर्मचारी सोनू कुमार उनसे बात करना चाहते हैं। हवलदार ने यह भी आरोप लगाया है कि 106 रैफ सीआरपीएफ जमशेदपुर में इंटरनल ऑडिट चल रहा है। ऑडिट के दौरान यह पता चला है कि उनको हाउस रेंट अलाउंस के तौर पर एक लाख 99 हजार 680 रुपये का ज्यादा भुगतान हो चुका है। इस रकम की उनसे वसूली की जानी है। आरोप है कि इस रकम की वसूली से बचाने के लिए सोनू कुमार ने हवलदार से 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

**हाइकोर्ट से बड़गाई जमीन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत को झटका**

# हेमंत सोरेन की हस्तक्षेप याचिका खारिज

**रांची।** बड़गाईं की 8.86 एकड़ जमीन से जुड़े कथित फजीर्वाड़े मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय से शुक्रवार को झटका लगा। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने मुख्यमंत्री की ओर से दाखिल हस्तक्षेप याचिका (आईए) खारिज कर दी। इसके साथ ही रांची स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में मामले की आगे की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग भी स्वीकार नहीं हुई।

मुख्यमंत्री ने आईए के माध्यम से पीएमएलए की विशेष अदालत के उस आदेश पर 19 सितंबर तक रोक लगाने का आग्रह किया था, जिसमें उनकी डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी गई थी। साथ ही निचली अदालत में चल रही आगे की आपराधिक कार्यवाही पर भी रोक लगाने की मांग की गई थी। उच्च न्यायालय ने इस राहत को स्वीकार नहीं किया।

मामले में मुख्यमंत्री की ओर से विशेष पीएमएलए अदालत के डिस्चार्ज याचिका खारिज करने के आदेश को मुख्य याचिका के माध्यम से उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। इस याचिका पर सुनवाई अभी जारी है। उच्च न्यायालय ने नौ सितंबर को मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा था और 16 सितंबर को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आईए पर आदेश सुरक्षित रखा था।



ईडी की ओर से उच्च न्यायालय में वरीय अधिवक्ता अमित कुमार दास और अधिवक्ता सौरव कुमार ने पक्ष रखा। मुख्यमंत्री की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने पैरवी की।

दरअसल, यह मामला रांची के बड़गाईं क्षेत्र की 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ा है। ईडी ने जमीन के कथित अवैध अधिग्रहण और हस्तांतरण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन आरोपों से इनकार किया है। रांची की विशेष पीएमएलए अदालत ने आठ जून को उनकी डिस्चार्ज याचिका खारिज करते हुए मामले में आगे की कार्यवाही का रास्ता साफ किया था।

विशेष पीएमएलए अदालत इस मामले में अंतू तिर्की, आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ आरोप गठन कर चुकी है। मुख्यमंत्री समेत कुछ आरोपितों के खिलाफ आरोप गठन की प्रक्रिया अभी लंबित है। अब 19 सितंबर को विशेष पीएमएलए अदालत में मामले की सुनवाई होनी है।

# खनिज अधिकारों पर असर डाल सकता है संशोधन विधेयक : झामुमो



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** केंद्र सरकार के खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2026 के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से 19 सितंबर को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में संबंधित प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी नेतृत्व करेंगे। राज्य के अन्य जिलों में भी 19 सितंबर को प्रखंड मुख्यालयों पर धरना आयोजित किये जाने की जानकारी सामने आई है। झामुमो के जिला सचिव शरीफ अंसारी ने कहा कि खनिज संपदा से समृद्ध झारखंड के हितों पर प्रस्तावित संशोधन के प्रभाव को लेकर पार्टी विरोध दर्ज करा रही है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन के साथ राज्य की खनिज संपदा से जुड़े अधिकार और स्थानीय हित भी सुनिश्चित किये जाने चाहिये। उन्होंने कहा कि खनिज संसाधनों से मिलने वाला राजस्व राज्य की अर्थव्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिये महत्वपूर्ण है। पार्टी का आरोप है कि प्रस्तावित बदलाव से राज्य के आर्थिक हित प्रभावित हो सकते हैं। झामुमो पहले भी इस विधेयक को लेकर राज्य के आर्थिक हितों से जुड़े सवाल उठाता रहा है। शरीफ अंसारी ने कहा कि धरना के माध्यम से केंद्र सरकार तक पार्टी की आपत्ति पहुंचाई जायेगी और विधेयक के प्रावधानों पर पुनर्विचार की मांग की जायेगी। उन्होंने कहा कि खनिज संपदा का उपयोग राज्य के विकास, स्थानीय रोजगार और जनहित को ध्यान में रखकर होना चाहिये। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों से शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से धरना कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। मौके पर केंद्रीय सदस्य जवाहर पासवान, तनवीर आलम, जिला कोषाध्यक्ष चंदन जायसवाल मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### मोबाईल लीगल सर्विस वैन में दर्ज करा सकेंगे कानूनी व सामाजिक समस्याएं

**बरडीहा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से संचालित न्याय पहिये पर मोबाईल लीगल सर्विस वैन शनिवार को प्रखंड परिसर बरडीहा पहुंचेगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण एवं आम लोगों को सरल भाषा में कानूनी जानकारी उपलब्ध कराने के साथ उनकी समस्याओं के समाधान में सहायता करना है। मोबाईल वैन के माध्यम से लोगों को विभिन्न कानूनों, नागरिक अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जायेगी। इसके अलावा किसी कानूनी अथवा सामाजिक समस्या से संबंधित प्रतिवेदन या आवेदन भी जमा कराया जा सकेगा। आगामी लोक अदालत में मामलों के निपटारे की प्रक्रिया तथा उसमें शामिल होने के तरीके की जानकारी भी लोगों को दी जायेगी। पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया जायेगा। लोगों को यह जानकारी दी जायेगी कि कानूनी सहायता के लिये आवेदन कैसे किया जाता है और किन परिस्थितियों में वे इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। प्रशासन की ओर से बताया गया कि यह पहल विशेष रूप से उन लोगों के लिये उपयोगी है, जो न्यायालय तक आसानी से नहीं पहुंच पाते या कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी के अभाव में अपनी समस्याओं को उचित मंच तक नहीं पहुंचा पाते। बीडीओ सह सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे प्रखंड परिसर पहुंचकर मोबाईल लीगल सर्विस वैन का लाभ उठाएं और अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनें।

**शिक्षा** झारखंड छात्र मोर्चा ने कहा

# एनइपी से प्रभावित हुई पीजी पढ़ाई

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** एसएसजेएस नामधारी महाविद्यालय में पीजी की पढ़ाई बंद होने के मुद्दे को लेकर झारखंड छात्र मोर्चा की जिला कमेटी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा नेताओं के बयानों पर प्रतिक्रिया दी। जिला अध्यक्ष निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि एसएसजेएस नामधारी कॉलेज में पीजी की पढ़ाई बंद होने के लिये केवल राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। उन्होंने इसके लिये राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को जिम्मेदार बताया। निशांत चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्लॉज 10.2 और 10.3 का हवाला देते हुये कहा कि नीति उच्च शिक्षा संस्थानों को बड़े बहुविषयक विश्वविद्यालयों एवं संस्थागत क्लस्टर के रूप में विकसित करने की दिशा में जोर देती है। हालांकि, उपलब्ध आधिकारिक दस्तावेज में इन धाराओं में सीधे तौर पर सिंगल डिग्री कॉलेजों में पीजी बंद करने का प्रावधान नहीं है। जेसीएम ने कहा कि नामधारी कॉलेज नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का कांस्टीट्यूएंट कॉलेज है। विश्वविद्यालय की आधिकारिक सूची में भी एसएसजेएसएन कॉलेज गढ़वा को कांस्टीट्यूएंट कॉलेज के रूप में दर्ज किया गया है। निशांत ने कहा कि गढ़वा जैसे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिये जिला मुख्यालय में ही उच्च शिक्षा की सुविधा महत्वपूर्ण है। पीजी की पढ़ाई बंद होने से विद्यार्थियों को मेदिनीनगर या रांची जैसे शहरों का रुख करना पड़ सकता है, जिससे पढ़ाई के साथ रहने और भोजन का अतिरिक्त खर्च बढ़ेगा। उन्होंने भाजपा नेताओं से कहा कि यदि वे विद्यार्थियों के हित में आवाज उठा रहे हैं तो केंद्र की शिक्षा नीति को लेकर भी सवाल उठाएं। जेसीएम ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम और पीएम-उषा फंडिंग व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए। संगठन ने कहा कि जरूरत पड़ने पर छात्रों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमंडल भेजा जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला सचिव विकाश चन्द्रवंशी, जिला कोषाध्यक्ष सूरज तिवारी, सौरभ कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के तहत विशेष सुनवाई

बंशीधर न्यूज




**रमना :** प्रखंड के मड़वनिया पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के तहत विशेष सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाचार भेजे जाने तक 210 मतदाताओं का सत्यापन किया जा चुका था। कार्यक्रम में सीओ विकास पांडेय, मुखिया स्वीटी वर्मा सहित सभी बीएलओ, सुपरवाईजर एवं एसआईआर कार्य से जुड़े कर्मी उपस्थित थे। इस दौरान मतदाताओं से संबंधित दस्तावेजों एवं आवश्यक अभिलेखों का सत्यापन किया गया। अधिकारियों ने मतदाताओं की समस्याएं सुनीं तथा आवश्यक प्रक्रिया की जानकारी दी। सीओ ने कहा कि एसआईआर मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने की प्रक्रिया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने नाम एवं दस्तावेजों का सत्यापन कराएं। किसी प्रकार की जानकारी या दस्तावेज को लेकर संशय होने पर बीएलओ एवं संबंधित कर्मियों से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाता का नाम सूची में सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है।

### न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बड़गड़ प्रखंड कार्यालय पहुंची टीम

# ग्रामीणों को दी गई कानूनी जानकारी



**गढ़वा :** झालसा रांची के दिशा-निर्देश और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा के आदेश पर न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चलंत लोक अदालत वैन न्याय रथ के साथ डीएलएसए की चार सदस्यीय टीम बड़गड़ प्रखंड कार्यालय पहुंची। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना और विभिन्न कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। मौके पर स्थायी लोक अदालत के सदस्य मनोज कुमार दुबे ने बिजली, पानी, किराया, माल वाहन और शिक्षा का अधिकार जैसी जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े मामलों की जानकारी दी। अधिवक्ता पैतरूस मिंज ने सीएनटी एक्ट, वन पट्टा, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार और मध्यस्थता की जानकारी दी। एलएडीसीएस सदस्य विजय कुमार पाल ने बाल विवाह, बाल मजदूरी, किशोर न्याय अधिनियम और सड़क दुर्घटना एवं हिट एंड रन मामलों में मुआवजे के प्रावधानों पर प्रकाश डाला। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की भूमिका और निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन लोगों की वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक है, उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता की सेवा उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, मानसिक एवं बौद्धिक दिव्यांग व्यक्ति, बच्चे, महिलाएं और जेल में बंद कैदी भी निःशुल्क कानूनी सहायता के पात्र हैं। आम लोगों तक सेवा पहुंचाने के लिये प्रखंड, थाना और कुछ पंचायतों में पीएलवी की तैनाती की गई है। इस दौरान ग्राम गोठानी की दीपिका खलको ने अपने दिवंगत पिता के बैंक खाते में जमा राशि की निकासी को लेकर आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि कई प्रयासों के बावजूद शाखा प्रबंधक की ओर से निकासी लंबित रखी गई है। मौके पर पीएलवी राजेंद्र राम, राजेश चौधरी, संतोष कुमार, समन, सतीश कुजूर, धर्मेंद्र पासवान समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### एनपीयू में कुलसचिव पद को लेकर फिर गरमाया विवाद



**गढ़वा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राज्य विश्वविद्यालय कार्य संयोजक मंजुल शुक्ल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ नफीस अहमद के पद पर बने रहने को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस्तीफा स्वीकार किये जाने और नये कुलसचिव की नियुक्ति का निर्देश दिये जाने के बाद भी पद पर बने रहना विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था के लिए गंभीर स्थिति है। मंजुल शुक्ल ने कहा कि यदि कुलसचिव का इस्तीफा स्वीकृत हो चुका है तो उन्हें नियमानुसार कार्यमुक्त होकर प्रभार सौंप देना चाहिये। उन्होंने दावा किया कि 9 सितंबर को निदेशक उच्च शिक्षा की ओर से विश्वविद्यालय के कुलपति को भेजे गये पत्र में प्रभारी कुलसचिव की वैकल्पिक व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन को स्थिति स्पष्ट करते हुये प्रभार हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक पद को लेकर बनी अनिश्चितता का असर विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के कामकाज पर पड़ सकता है। अभाविप ने मांग की कि डॉ नफीस अहमद को तत्काल कार्यमुक्त कर उच्च शिक्षा निदेशक के निदेर्शानुसार प्रभारी कुलसचिव की वैकल्पिक व्यवस्था की जाय। अभाविप ने विश्वविद्यालय प्रशासन और उच्च शिक्षा विभाग से पूरे मामले में स्थिति स्पष्ट करने तथा विद्यार्थियों के बीच उत्पन्न असमंजस को दूर करने की मांग की है।

### अब पार्ट टाईम जॉब में भी नवाचार, हर्बल जूस कॉर्नर मचा रहा धूम



**मेदिनीनगर :** अपनी पढ़ाई का खर्च खुद उठाना कोई नई बात नहीं है। सदियों से छात्र अखबार बेचने से लेकर सब्जी बेचने तक का काम कर अपने सपनों को सींचते रहे हैं। अब इस पार्ट टाईम जॉब की लिस्ट में एक नया और सेहतमंद नवाचार जुड़ गया है हर्बल जूस कॉर्नर। मेदिनीनगर में इसकी शुरूआत बिहार के औरंगाबाद के रहने वाले छात्र रंजीत कुमार ने की है। रंजीत पढ़ाई के लिये डालटनगंज आये थे। यहां शांतिपुरी में किराये के मकान में रहते हैं। परिवार की माली हालत ठीक नहीं होने से आर्थिक संकट खड़ा हुआ तो उन्होंने पार्ट टाईम जॉब तलाशा। मन मुताबिक काम नहीं मिला तो उन्होंने अपने हुनर को ही रोजगार बना लिया। रंजीत ने बताया कि पटना में पढ़ाई के दौरान उत्सुकतावश उन्होंने जड़ी-बूटियों से दवा बनाने के गुर सीखे थे। वही हुनर आपदा में काम आ गया। उन्होंने कमिश्नर कार्यालय के सामने एक छोटा सा हर्बल जूस कॉर्नर खोल दिया। उनके कॉर्नर पर कोई बड़ी दुकान नहीं, बस एक लकड़ी का छोटा टेबल, मिक्सी चलाने के लिये एक बड़ी बैटरी, एक मिक्सी, डिस्पोजेबल गिलास और आसपास के खेत-जंगल से इकट्ठा की गई ताजी जड़ी-बूटियां। अश्वगंधा, एलोवेरा, करेला, सहजन, गिलोय, अर्जुन की छाल, तुलसी, पुदीना सहित करीब आठ से 10 तरह के पत्ते, छाल और जड़ी को मिक्सी में डालकर रंजीत ग्राहकों के सामने ही ऑन द स्पॉट जूस बनाकर पिलाते हैं। यह जूस इम्यूनिटी बढ़ाने, शुगर और ब्लड प्रेशर कंट्रोल में फायदेमंद बताया जाता है। सुबह-सुबह कमिश्नर कार्यालय और पुलिस लाईन में मॉर्निंग वॉक करने आने वाले सैकड़ों लोग अब धीरे-धीरे उनके परमानेंट कस्टमर बन गये हैं। उनका कहना है कि लक्ष्य सिर्फ पैसा कमाना नहीं है, बल्कि लोगों को सेहत के प्रति जागरूक करना भी है। इसलिये जूस की कीमत उन्होंने बेहद कम मात्र 20 रुपये रखी है, ताकि हर कोई इसका लाभ ले सके।

### दुर्गा पूजा को लेकर बैठक आयोजित




**हरिहरपुर :** दुर्गा पूजा 2026 को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं भव्य तरीके से संपन्न कराने को लेकर गुरुवार की देर शाम हरिहरपुर स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाये रखने तथा किसी भी प्रकार की अनहोनी और व्यवधान को रोकने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान दुर्गा पूजा आयोजन के लिये नई कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें राहुल कुमार सिंह को अध्यक्ष, दयाशंकर सिंह उर्फ रिशु सिंह को उपाध्यक्ष, राकेश कुमार पासवान को सचिव, मिथिलेश पासवान को उपसचिव तथा प्रकाश कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को आगामी दुर्गा पूजा को बेहतर एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। साथ ही पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे, इस दिशा में आवश्यक तैयारियां करने पर जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने नई कमेटी के गठन पर सहमति जताते हुये दुर्गा पूजा को सफल बनाने में सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

# सेवा कार्यों के साथ मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन, सांसद ने रक्तदान का किया आह्वान



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** सांसद विष्णु दयाल राम ने नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा की ओर से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत पलामू गुरुवार को मेदिनीनगर में विभिन्न सेवा कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान रक्तदान शिविर, मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण तथा आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजयुमो की ओर से आईएमए हॉल में आयोजित रक्तदान शिविर में सांसद विष्णु दयाल राम ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद मरीज का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। शिविर में डॉ. विपुल गुप्ता, सुधांशु शेखर, डॉ. अमित कुमार, विश्वजीत पाठक, सुजीत कुमार दुबे और देवानाथ कुमार समेत अन्य लोगों ने रक्तदान किया। इसके बाद सांसद ने एमएमसीएच पहुंचकर मरीजों के बीच फल वितरित किए और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं का भी जायजा लिया। मौके पर सीएस डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, अधीक्षक जितेंद्र सिंह समेत मेडिकल स्टाफ मौजूद था। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत सांसद ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के घर पहुंचकर दीप प्रज्वलित किया। शाम को कोयल रिवर फ्रंट स्थित गंगा आरती घाट पर भी दीप जलाकर प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज अडेट्स

### अपराध नियंत्रण होगी प्राथमिकता



**भवनाथपुर :** भवनाथपुर थाना के नव पदस्थापित थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों से थाना क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, लंबित मामलों तथा पुलिसिंग से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाये रखना, अपराध पर नियंत्रण और आम लोगों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों, शराब कारोबार, नशीले पदार्थों की बिक्री, जुआ सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि क्षेत्र में किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या आपराधिक घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। थाना प्रभारी ने पुलिस कर्मियों को नियमित गश्त बढ़ाने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना पहुंचने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनने तथा पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने के लिये पूरी जिम्मेदारी से कार्य करने की बात कही।

## कार्रवाई झुनका में पुलिस का छापा

# जावा महुआ और शराब बनाने की सामग्री नष्ट

बंशीधर न्यूज



**धुरकी :** पुलिस ने थाना क्षेत्र के झुनका गांव में अवैध महुआ शराब निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुये करीब 50 किलोग्राम जावा महुआ और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री को नष्ट कर दिया। कार्रवाई थाना प्रभारी जनार्दन राउत के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस की कार्रवाई के बाद अवैध शराब कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस को सूचना मिली थी कि झुनका गांव के कुछ स्थानों पर अवैध रूप से महुआ शराब तैयार करने की तैयारी की जा रही है। सूचना के बाद थाना प्रभारी ने पुलिस टीम को आवश्यक निर्देश देकर संबंधित ठिकानों पर छापेमारी के लिये भेजा। पुलिस टीम ने झुनका गांव पहुंचकर विभिन्न संभावित ठिकानों की जांच की। छापेमारी के दौरान करीब 50 किलोग्राम जावा महुआ बरामद हुआ, जिसे पुलिस जवानों ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके अलावा शराब निर्माण में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री को भी विनष्ट किया गया। पुलिस की अचानक हुई कार्रवाई के कारण अवैध शराब निर्माण में शामिल लोग मौके से फरार हो गये। अभियान में एएसआई सैयद जुबेर अहमद समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस टीम ने गांव के विभिन्न स्थानों की जांच करते हुए ग्रामीणों को अवैध शराब के निर्माण और बिक्री से दूर रहने की हिदायत दी। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण और कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### रवि केसरी ने संभाली मेराल थाने की कमान



**मेराल :** मेराल थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में रवि कुमार केसरी ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान थाना प्रभारी विष्णुकांत ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया और विधिवत थाना की कमान सौंपी। पदभार ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी ने कहा कि जनसुरक्षा, अपराध नियंत्रण और आम जनता के साथ बेहतर संवाद उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। लोग अपनी समस्या लेकर सीधे मिलें। उनकी समस्या को सुनकर उसके समाधान के लिये हरसंभव प्रयास किया जायेगा। इधर नये थाना प्रभारी के स्वागत और निवर्तमान थाना प्रभारी की विदाई का दृश्य भी भावुक रहा। प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम संचालन समिति के मुख्य संरक्षक संजय भगत, समिति अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि विजय प्रसाद तथा संजय प्रसाद ने नये थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी का स्वागत किया। वहीं निवर्तमान थाना प्रभारी विष्णुकांत को गुलदस्ता, चुनरी और मां शायर देवी धाम की तस्वीर भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस दौरान नये और पुराने थाना प्रभारी के प्रति सम्मान और आत्मीयता का भाव साफ दिखाई दिया। कार्यक्रम में एसआई रवि कुमार, अरविंद कुमार, दीपक पासवान, हरिशंकर ओझा, संजय कुमार सिंह, दिनेश कुमार मुंडा, एएसआई अखिलेश्वर तिवारी, सुमेर तिवारी, राजेंद्र बैठा, अखिलेश सिंह, रामाशीष मेहता, जाकिर खान, खालिद अंसारी, छोटू केसरी, मुंशी रवींद्र पासवान, विमलेश कुमार, जितेंद्र राम, जयराम पांडेय सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# अपराध नियंत्रण व महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता : नये थानेदार

### नगर ऊंटारी के नये थानेदार अविनाश राज ने लिया प्रभार

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** नगर ऊंटारी थाना के नवपदस्थापित थानेदार अविनाश राज ने गुरुवार को 47वें थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। प्रभार उन्होंने निवर्तमान थानेदार उपेन्द्र कुमार से लिया। इसके पूर्व वे गढ़वा थाना में पदस्थापित थे। पदभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और आम लोगों की सुरक्षा को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट की। थाना प्रभारी अविनाश राज ने कहा कि क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी ढंग से लगाम लगाना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर देते हुये कहा कि महिलाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस पूरी तत्परता के साथ काम करेगी। अपराधियों पर नजर रखने के साथ-साथ असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ भी प्रभावी कार्रवाई की जायेगी। थाना प्रभारी ने क्षेत्रवासियों से पुलिस को सहयोग करने की अपील करते हुये कहा कि शांति और बेहतर कानून-व्यवस्था केवल पुलिस के प्रयास से नहीं, बल्कि आम लोगों के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने थाना के सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त करने के बाद सभी पुलिस पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व निवर्तमान थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने नये थाना प्रभारी को बुके देकर स्वागत किया।

### गौ संरक्षण अभियान को सभी वर्गों का सहयोग जरूरी : रामदास साहू



**मेदिनीनगर :** देश में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गौ माता को राष्ट्रीय सम्मान, गो सेवा मंत्रालय व गोचर बोर्ड के गठन तथा गो संरक्षण और गो आधारित कृषि को बढ़ावा देने की मांग को लेकर गुरुवार को रामाडा रेस्टोरेंट में जिला स्तरीय बैठक हुई। इसमें अभियान की आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में तैलिक साहू महासभा के पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू ने कहा कि गौ संरक्षण किसी एक व्यक्ति या संगठन की जिम्मेदारी नहीं है। समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से ही गौ रक्षा और संरक्षण के प्रयास प्रभावी बनाए जा सकते हैं। उन्होंने अभियान को हरसंभव सहयोग देने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने की बात कही। राजस्थान के पंचमेढ़ा गोशाला के संचालक स्वामी गोपालानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि गौ सेवा, सुरक्षा और सम्मान को लेकर चलाए गए हस्ताक्षर अभियान के पहले और दूसरे चरण में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है। उन्होंने तीसरे चरण में भी सक्रिय भागीदारी की अपील की। बताया कि जिले की प्रत्येक पंचायत में छह कार्यकताओं के माध्यम से 2100 हस्ताक्षर कराने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में जिला समिति का गठन करते हुए बालयोगी संत विभु सुमनजी ब्रह्मचारी, विनय कुमार, अविनाश राजा, नरेंद्र कुमार मेहता, सत्येंद्र कुमार पांडेय और इंद्रजीत सिंह डिंपल समेत अन्य लोगों को जिम्मेदारी दी गई। रामाडा रेस्टोरेंट की निदेशक महिला समूह की कुलवंती देवी ने भी अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मंजुलता को संयोजक और अनामिका सिंह को सह संयोजक बनाया गया।

### पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**मोहम्मदगंज :** पुलिस ने एससी एसटी के प्राथमिकी अभियुक्त श्याम बिहारी साव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी तेंदुआ खुर्द गांव निवासी स्व टिबु साव का पुत्र है। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बताया कि उक्त मामले में 26 जुलाई 2026 को थाना कांड संख्या 25/2026 दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 126(2), 115(2), 117(2), 351(3), 352, 3(5) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(१)(२) के तहत मामला दर्ज है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुये आरोपी को गिरफ्तार किया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### एमके इंटरनेशनल स्कूल में डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम




**श्री बंशीधर नगर :** एमके इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को साइबर अपराध एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने को लेकर डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर अमित चंद्र एवं बैंक ऑफ इंडिया जोनल ऑफिस रांची के चीफ मैनेजर सुभाष कुमार मौजूद थे। दोनों बैंक अधिकारियों का विद्यालय के प्रशासक रवींद्र शर्मा एवं कोऑर्डिनेटर विभा चौधरी ने बुके भेंटकर स्वागत किया। बैंक अधिकारियों ने विद्यालय के सभी बच्चों, शिक्षकों एवं उपस्थित लोगों को आज के डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से बचने के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उनलोगों ने ऑनलाईन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, संदिग्ध संदेश एवं अन्य साइबर अपराधों के प्रति सभी को जागरूक किया। साथ ही डिजिटल बैंकिंग एवं ऑनलाईन सेवाओं का सुरक्षित उपयोग करने के बारे में मार्गदर्शन दिया। बताया कि हमें अपना ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड एवं बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करनी चाहिये। अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचना चाहिये तथा डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय हमेशा सतर्क रहना चाहिये। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राय रोज, प्रशासक रवींद्र शर्मा, कोऑर्डिनेटर विभा चौधरी, कार्यक्रम समन्वयक अमृता सिंह, ट्रांसपोर्ट मैनेजर संदीप कुमार सिंह तथा सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं बच्चे उपस्थित थे।

## केएन त्रिपाठी ने सादगीपूर्ण मनाया जन्मदिन, कहा

# जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने गुरुवार को अपना 55वां जन्मदिन सादगी और उत्साह के साथ मनाया। उनके आवास पर सुबह से ही समर्थकों, कार्यकताओं, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, सांस्कृतिक संगठनों से जुड़े लोगों और प्रबुद्ध नागरिकों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की।

बधाई देने पहुंचे लोगों के प्रति आभार जताते हुए केएन त्रिपाठी ने कहा कि उनका जीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के हक और अधिकार के लिए समर्पित है। सरकारी सेवा छोड़कर राजनीति में आने का उद्देश्य सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि दबे-कुचले वंचित और जरूरतमंद लोगों की आवाज बनना था। उन्होंने कहा कि विधायक नहीं होने के बावजूद जनहित के मुद्दों को लेकर उनका संघर्ष जारी है। उन्होंने कहा कि कल भी संघर्ष किया था, आज भी कर रहा हूं और आगे भी लोगों के लिए संघर्ष करता रहूंगा।

जन्मदिन पर उन्होंने रुद्राक्ष का पौधा लगाया और केक काटकर समर्थकों के साथ खुशी साझा की। विनोद वस्त्रालय के प्रबंधक विनोद अग्रवाल ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समाजसेवी ब्रजेश कुमार तिवारी उर्फ बबलू मुखिया, प्रधान सहायक राजीव रंजन पांडेय तथा समाजसेवी सह कांग्रेस जिला सचिव शंकर तिवारी ने पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं।

मौके पर भाकपा व किसान महासभा नेता केडी सिंह, कांग्रेस प्रदेश सचिव विवेक त्रिपाठी, धनंजय पाठक, जीशान खान, सहरियार अली, मुकेश सिंह, रंजन दुबे, कौशल दुबे, विवेकानंद त्रिपाठी, सुधीर तिवारी, सुनील भगत और अरविंद पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

# मन वचन कर्म की शुद्धता ही आर्जव धर्म : आदिश भैया जी



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** आत्मसंयम के महापर्व पर्युषण के तीसरे दिन शुक्रवार को जैन मंदिर में उत्तम आर्जव धर्म की पूजा श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ की गई। इस दौरान जैन धर्मावलंबियों ने मन, वचन और कर्म में सरलता, ईमानदारी रखने तथा छल-कपट से दूर रहने का संकल्प लिया। आदिश भैया जी ने कहा कि मन, वचन और शरीर की शुद्धता बनाए रखना ही आर्जव धर्म है। आर्जव का अर्थ सरलता, निष्कपटता और ईमानदारी से है। छल-कपट, झूठ, अहंकार और दिखावा इसके विपरीत हैं। वर्तमान समय में आर्जव धर्म को अपनाने की आवश्यकता और बढ़ गई है। अहंकार और कपट परिवार व समाज रूपी वृक्ष को नष्ट करते हैं। सरलता और निष्कपटता अपनाकर व्यक्ति सुख-शांति प्राप्त कर सकता है तथा जीव के कल्याण और सद्गति का मार्ग प्रशस्त होता है। भगवान के अभिषेक व पूजन के साथ आदिश भैया जी के सान्निध्य में बबीता काला ने संगीतमय भक्ति के साथ उत्तम आर्जव धर्म की पूजा कराई। प्रथम अभिषेक का सौभाग्य शांति देवी छाबड़ा सपरिवार को मिला। प्रथम शांतिधारा के पुण्यार्जक विजय कुमार, विवेक कुमार और सरस छाबड़ा सपरिवार रहे। इससे पूर्व रात्रि में रिंकू छाबड़ा, सोनिया पाटनी व उनके ग्रुप ने आयो रे पर्व पर्युषण आयो रे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर पदम चंद पाटनी, आशीष रारा, सुनीता पांड्या, अरमान विनायका समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### चोरी के मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, जेल



**मोहम्मदगंज :** पुलिस ने चोरी से जुड़े मामले में कार्रवाई करते हुये एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान लव कुश कुमार, पिता विनोद राजवंशी, ग्राम मधे कचहरी, थाना हुसैनाबाद, जिला पलामू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मोहम्मदगंज थाना कांड संख्या 67/2025, दिनांक 5 अगस्त 2025 के मामले में भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 331(2) एवं 305(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज है। अनुसंधान के क्रम में लव कुश कुमार का नाम अप्राथमिकी अभियुक्त के रूप में सामने आया। पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### पक्का घाट निर्माण व सौंदर्यीकरण योजना का जल्द होगा शिलान्यास

**भवनाथपुर :** प्राकृतिक एवं धार्मिक आस्था के केंद्र फुलवार गर्म कुंड धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। इसे झारखंड के पर्यटन मानचित्र पर विशेष स्थान दिलाने की दिशा में जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने पहल शुरू की है। जिला परिषद की 15 वें वित्त आयोग की योजना के तहत यहां पक्का धुलाई घाट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य कराया जायेगा। योजना के शिलान्यास की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। रंजनी शर्मा ने बताया कि फुलवार गर्म कुंड धाम में वर्षों से श्रद्धालु स्नान और पूजा-अर्चना के लिये पहुंचते हैं। लेकिन समुचित घाट एवं अन्य सुविधाओं के अभाव में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**पूजा** जगन्नाथपुरी मंदिर की थीम पर सजेगा जय भामा साह क्लब का पूजा पंडाल

# नवरात्र में नौ दिनों तक होगा भव्य आयोजन

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** शारदीय नवरात्र को लेकर जय भामा साह क्लब की ओर से तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। इस वर्ष श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के लिये क्लब की ओर से जगन्नाथपुरी मंदिर की थीम पर भव्य पूजा पंडाल तैयार कराया जा रहा है। पंडाल को आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया जायेगा, जो नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं के लिये विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। क्लब के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू के अनुसार नवरात्र के नौ दिनों तक विधिवत पूजा अर्चना के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन शाम 7 बजे पूजा पंडाल में आरती होगी। आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

### सप्तमी से नवमी तक डांडिया की धूम

क्लब के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने बताया कि नवरात्र के सप्तमी से नवमी तक तीन दिवसीय डांडिया कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सोमवार सप्तमी से बुधवार नवमी तक प्रत्येक रात 8 बजे से डांडिया कार्यक्रम होगा। इसमें श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों के लिये विशेष व्यवस्था की जायेगी। वहीं महाअष्टमी को शाम 7 बजे महाआरती का आयोजन होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

### नवमी को कन्या पूजन व महाभंडारा

उन्होंने बताया कि नवमी तिथि को कन्या पूजन के बाद श्रद्धालुओं के लिये महाभंडारे का भी आयोजन किया जायेगा। इसके बाद शाम को विशेष महाआरती होगी। नवरात्र के समापन पर मां भगवती की कंधे पर विदाई समारोह भी आयोजित किया जायेगी। उधर पूजा को लेकर जय भामा साह क्लब के सदस्यों के साथ साथ स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। क्लब की ओर से पंडाल, विद्युत सजावट और धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भव्य रूप देने की तैयारी की जा रही है, ताकि नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं को आकर्षक और भक्तिमय माहौल मिल सके।

## रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू लगातार आठवीं बार अध्यक्ष बने

### जय भामा शाह क्लब की बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** जय भामा शाह क्लब की बैठक यहां बस स्टैंड स्थित सब्जी बाजार में हुई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के संरक्षक कामेश्वर प्रसाद ने की। बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने एवं भव्य व आकर्षक तरीके से पूजा पंडाल बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही दुर्गा पूजा पूजा पंडाल, प्रतिमा स्थापना, विद्युत सज्जा, डांडिया कार्यक्रम और महाभंडारा सहित विभिन्न तैयारियों पर चर्चा कर रूपरेखा तय की गई। बैठक में पिछले वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में पूजा के सफल आयोजन को लेकर क्लब का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू को लगातार आठवीं बार अध्यक्ष चुना गया। वहीं ऋतुराज जायसवाल को सचिव, नित्यानंद कुमार एवं अजीत केसरी को उपाध्यक्ष तथा अविनाश कुमार छोटू को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में क्लब के संरक्षक भरत भूषण प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, वीरेंद्र अग्रहरि, ओमप्रकाश गुप्ता, संजीत कुमार उर्फ छोटू, आनंद जायसवाल, रुपेश कुमार पप्पू, विकास कुमार शालू, अमित कुमार गुड्डु, बिकु कुमार, रंजू कुमार, आशीष कुमार, विनीत कुमार शरद, दिनेश जायसवाल, कौशल कुमार, नवनीत लाल अग्रवाल, अभिषेक कुमार, अनिल कुमार मेहता, पंकज कुमार, सूरज कुमार, उज्जवल कुमार, अमित कुमार एवं धीरज कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### कर्म में निष्ठा ही भगवान विश्वकर्मा के प्रति सच्ची श्रद्धा : अविनाश देव




मेदिनीनगर : संत मरियम आवासीय विद्यालय कजरी परिसर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के बस चालकों एवं सह-चालकों ने अपने वाहनों की साफ-सफाई कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा वाहनों, उपकरणों और विद्यालय की व्यवस्था के सुचारु संचालन एवं सुरक्षा की कामना की। पूजा समारोह में विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने बस ड्राईवर, खलासी, इलेक्ट्रीशियन, किचन स्टाफ, सफाईकर्मियों सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को अंगवस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इलेक्ट्रीशियन तथा बस चालकों एवं सहचालकों को उनके कार्य के उपयोगी टेस्टर और प्लास भी दिए गए। अविनाश देव ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, श्रम, तकनीक और कर्म के प्रतीक हैं। उनके प्रति सच्ची श्रद्धा तभी सार्थक है, जब हम अपने कार्य को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी से करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षित आवाजाही, स्वच्छता, भोजन, तकनीकी व्यवस्था और विद्यालय के दैनिक संचालन में प्रत्येक कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। मौके पर प्राचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, एडवोकेट ओंकार नाथ तिवारी, प्रवीण दूबे, बस प्रबंधक अविनाश सिंह, जितेंद्र सिंह, राजेश राय समेत विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

### एएससी इंटरनेशनल में आरसीयू के 10 बीटेक छात्रों का चयन




**विश्रामपुर :** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के बीटेक सिविल इंजीनियरिंग के 10 विद्यार्थियों का चयन एएससी इंटरनेशनल लिमिटेड लखनऊ में हुआ है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से बुधवार को आरसीआईटी टीएंडपी सेल में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई थी। चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयनित विद्यार्थियों में अभिषेक कुमार, प्रवीर कुमार, गोविंद कुमार पासवान, रुपेश गुप्ता, प्रिंस कुमार, विशाल कुमार, बेलाल खलीफा, अमित कुमार, हृतिक रौशन सिंह और सौरभ कुमार शामिल हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की प्रमुख मनीषा सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुये कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये टीएंडपी सेल लगातार प्रयासरत है। उन्होंने तकनीकी ज्ञान के साथ कम्युनिकेशन और प्रोफेशनल स्किल मजबूत करने पर जोर दिया। कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुये कहा कि प्लेसमेंट विश्वविद्यालय की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी, मेहनत और निरंतर सीखने की भावना के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। डिप्टी डायरेक्टर अनुराग चंद्रवंशी ने भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### तोलरा में बढ़ती चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी



**विश्रामपुर :** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं और अब तक एक भी मामले का उद्भेदन नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसे लेकर तोलरा और लालगढ़ पंचायत के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों व आसपास के गांवों के ग्रामीणों की आपात बैठक तोलरा गांव के विष्णु मंदिर परिसर में गुरुवार को हुई। बैठक में चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुये मुख्यमंत्री, डीआईजी, एसपी समेत संबंधित वरीय अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौंपने और मामलों के उद्भेदन के लिये ठोस पहल की मांग करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले कुछ समय में पुलिस अधिकारियों और सेना के जवानों के घर समेत दर्जनों मकानों में चोरी हो चुकी है। लाखों रुपये की संपत्ति चोरी होने के बावजूद अब तक किसी मामले का खुलासा नहीं हुआ है। इससे पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि शीघ्र चोरी की घटनाओं का उद्भेदन नहीं हुआ तो आंदोलन किया जायेगा। बैठक में तोलरा मुखिया सह विश्रामपुर मुखिया संघ अध्यक्ष रोहित तिवारी, लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, लालगढ पंचायत समिति सदस्य सूरजमल राम, तुलसी तिवारी, रासबिहारी तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, संजय तिवारी, अमरेश तिवारी, प्रेमशंकर तिवारी, सूर्यदेव तिवारी, अनिल तिवारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**मानव ने आर्थिक विकास की होड़ में जंगलों की कटाई कर प्रदूषण बढ़ाया : कौशल**

# पौधा दान कर मनाया विश्वकर्मा पूजा व मोदी का जन्मदिन

बंशीधर न्यूज



**नावा बाजार :** पर्यावरणविद् डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने विश्वकर्मा जयंती व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाया। नावा बाजार-मेदिनीनगर बाईपास रोड स्थित केपीजे कॉम्प्लेक्स के पीछे पर्यावरण भवन के ऊपरी तल पर विकसित आकाश बाग और प्रसिद्ध ताली चढ़ीधाम में आयोजित कार्यक्रम में डॉ कौशल व उनके पुत्र व नवनिर्वाचित प्रमंडलीय चेंबर उपाध्यक्ष अमित कुमार जायसवाल ने पौधे लगाये। इस दौरान लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई गई। डॉ कौशल ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि निर्माण और देवताओं का अभियंता माना जाता है। प्रकृति और जंगलों के संरक्षण के साथ ही सृष्टि का संतुलन कायम रह सकता है। उन्होंने कहा कि मानव ने आर्थिक विकास की होड़ में जंगलों की कटाई कर प्रदूषण बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से इन अभियानों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। ताली चढ़ीधाम के सचिव उदय महतो ने धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग और डॉ कौशल द्वारा प्रतिवर्ष यहां पौधरोपण किये जाने की सराहना की। मौके पर डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल, अरुण कुमार जायसवाल, शमीम अंसारी, संतोष मेहता, अनुज कुमार, गोपाल रवि, सत्येंद्र मेहता, आराध्या जायसवाल, अश्विका जायसवाल, आद्रिका व अनुषा कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।




## उपेंद्र का दिखा खतरनाक अवतार, जॉम्बी रेड्डी 2 एनएक्सटी एलवीएल का फर्स्ट लुक...

अभिनेता उपेंद्र के जन्मदिन के मौके पर उनकी आगामी फिल्म जॉम्बी रेड्डी 2 एनएक्सटी एलवीएल का फर्स्ट लुक जारी किया गया। पोस्टर में उपेंद्र अब तक के अपने अलग और रहस्यमयी अवतार में नजर आ रहे हैं। लंबे बाल, रफ लुक और चेहरे पर उभरते गहरे भाव उनके किरदार को लेकर उत्सुकता बढ़ाते हैं। पोस्टर में वह एक विशाल पेड़ की डाल से उल्टे लटके हुए हाथ में लंबा हथियार थामे नजर आ रहे हैं। पोस्टर का माहौल फिल्म की फैंटेसी और एक्शन की दुनिया की झलक देता है। घने जंगल के बीच जलती मशालें और रहस्यमयी परछाइयां इसे डरावना और रहस्यमय रंग देती हैं। उपेंद्र का ट्राइबल अंदाज और उनका अनोखा हाव-भाव उनके किरदार को और दिलचस्प बनाता है। पोस्टर पर लिखी टैगलाइन रेडी टू टर्न द वर्ल्ड अपसाइड डाउन भी फिल्म के रहस्यमयी अंदाज को आगे बढ़ाती है। सुपरहीरो तेजा सज्जा अभिनीत इस फिल्म में प्रशांत वर्मा क्रिएटर के तौर पर जुड़े हैं, जबकि सुपर्ण एस. वर्मा इसका निर्देशन कर रहे हैं। टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद के निर्माण में बन रही यह फिल्म पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले तैयार हो रही है। फिल्म में उपेंद्र के अलावा शनाया कपूर भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। इसके साथ ही वह तेलुगु सिनेमा में कदम रखेंगी। ह्यजॉम्बी रेड्डी 2 एनएक्सटी एलवीएल-डेड ऑर अलाइवह्न को तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी, नेपाली और जापानी भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

## 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आएगी 'तुम मेरे हो'




गुरमीत चौधरी और ईशा मालवीय पहली बार फिल्म 'तुम मेरे हो' में साथ नजर आएंगे। आशीष पांडा के निर्देशन में बनी यह फिल्म ईशा मालवीय का बॉलीवुड डेब्यू भी है। प्यार, इमोशन, एक्शन और एडवेंचर से भरपूर यह फिल्म 23 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निमार्ताओं ने फिल्म के पहले पोस्टर जारी किए हैं, जिनमें दोनों कलाकारों के किरदारों के बीच की गहरी भावनाओं और रिश्ते की झलक देखने को मिलती है। फिल्म की कहानी एक ऐसी प्रेम कहानी पर आधारित है, जिसमें प्यार के साथ कई मुश्किल हालात और चुनौतियां भी सामने आती हैं। 'तुम मेरे हो' को महज रोमांटिक कहानी के बजाय एक इंटेंस लव स्टोरी के तौर पर पेश किया गया है, जिसमें एक्शन और एडवेंचर का रोमांच भी देखने को मिलेगा। निर्देशक आशीष पांडा के मुताबिक, फिल्म के जरिए प्यार की गहराई और उससे जुड़ी भावनाओं को बड़े पर्दे पर दिखाने की कोशिश की गई है। उनका कहना है कि गुरमीत ने अपने किरदार के लिए जरूरी इंटेंसिटी को बखूबी निभाया है। ईशा मालवीय के अभिनय को लेकर निर्देशक ने कहा कि उन्होंने किरदार में नर्मी के साथ भावनात्मक गहराई और मजबूती भी दिखाई है। फिल्म का निर्माण रेवा क्रिएटिव हाउस और डेबगुरु फिल्म्स ने किया है। आरती एस और डेबिना बनर्जी इसकी निर्माता हैं।

## नेपाल में बाढ़ से तबाह हुए अपर त्रिशूली-1 के टनल से 13 शव बरामद



### मच्छरों के प्रजनन स्थल खत्म करने की अपील

# रंका मोड़ पर लोगों के बीच बांटे हैंडबिल

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी जिला शाखा गढ़वा के तत्वावधान में रंका मोड़ पर डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव को लेकर विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सोसाईटी के सदस्यों ने आम लोगों के बीच हैंडबिल वितरित कर मच्छरजनित बीमारियों के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी दी। मौके पर रेड क्रॉस सोसाईटी के वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी ने लोगों से अपील की कि बीमारी फैलने के बाद सावधानी बरतने के बजाय पहले से ही जरूरी एहतियाती कदम उठाएं। सदस्यों ने लोगों को घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने के लिये जागरूक किया।अभियान के दौरान बताया गया कि डेंगू और चिकनगुनिया मच्छरों के काटने से फैलने वाली बीमारियां हैं। बचाव के लिये घर के आसपास पानी जमा नहीं होने देने, कूलर, गमले, पुराने टायर, टूटे बर्तन और डिब्बों में जमा पानी नियमित रूप से साफ करने की सलाह दी गई। पानी की टंकियों और बर्तनों को ढककर रखने तथा मच्छरदानी, रिपेलेंट और पूरी बांह के कपड़ों का इस्तेमाल करने की अपील की गई। लोगों को बुखार, तेज सिरदर्द, शरीर एवं जोड़ों में दर्द, कमजोरी जैसे लक्षण होने पर चिकित्सकीय सलाह लेने को कहा गया। मौके पर चेयरमैन डॉ मुरली प्रसाद, सचिव डॉ जेपी सिंह, कोषाध्यक्ष रामनारायण प्रसाद, जिला एडमिन अमन गुप्ता, लाइफ मेंबर रघुवीर प्रसाद, विनोद गुप्ता, एमपी केशरी, मनोज केशरी, सुजीत कुमार समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सेवा कार्य से जरूरतमंद महिलाओं के चेहरों पर आई मुस्कान



**गढ़वा :** समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की सहायता के उद्देश्य से शुक्रवार को मेन रोड स्थित विजय जनरल स्टोर के समीप सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र की 100 गरीब एवं मजदूर महिलाओं के बीच साड़ियों का वितरण किया गया। साड़ी मिलने के बाद महिलाओं के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। मौके पर अध्यक्ष रीमा स्वरूप ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं की मदद करना और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना ही सच्ची सेवा है। जरूरतमंदों की सहायता से उन्हें संबल मिलता है और समाज में आपसी सद्भाव एवं सहयोग की भावना मजबूत होती है। सदस्यों ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिये सेवा कार्य आगे भी जारी रखे जाएंगे। मौके पर प्रशासनिक निदेशक रीना सोनी, उपाध्यक्ष वंदना सोनी, संगीता गुप्ता, रीता केशरी, माला केशरी, रीना केशरी, ऋतु जायसवाल, रंजना जायसवाल, करुणा केशरी, मंजु गुप्ता, संध्या केशरी, वर्षा अग्रवाल, अंजू केशरी, प्रियंका केशरी समेत अन्य उपस्थित थीं।

## अवैध धंधों पर कसेगा शिकंजा, ट्रैफिक व्यवस्था प्राथमिकता : आदित्य नायक



**रमना :** रमना थाना के नये थाना प्रभारी के रूप में आदित्य कुमार नायक ने पदभार ग्रहण कर लिया। एसपी आशुतोष शेखर ने प्रशासनिक कारणों से तत्कालीन थाना प्रभारी आकाश कुमार का तबादला कर उन्हें एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थाना गढ़वा में थाना प्रभारी के पद पर पदस्थापित किया है। वहीं गढ़वा टाउन थाना से आदित्य कुमार नायक को रमना थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाये रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। विशेष रूप से अवैध गांजा कारोबार, अवैध खनन और अवैध देशी शराब की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिये कार्रवाई की जायेगी।उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर भी विशेष अभियान चलाया जायेगा। रमना बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाये जाएंगे। इसके साथ ही आम नागरिकों की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

## योग प्रशिक्षक चयन विवाद में आमरण अनशन चौथे दिन भी जारी



**भवनाथपुर :** राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय भवनाथपुर में योग प्रशिक्षक पद के चयन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। चयन प्रक्रिया में कथित अनियमितता, पक्षपात एवं फजीवाड़े का आरोप लगाते हुये शंकर प्रिय राम का अनिश्चितकालीन आमरण अनशन चौथे दिन भी प्रखंड परिसर में जारी रहा। उन्होंने चयन प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है। अनशनकारी शंकर प्रिय राम ने आरोप लगाया कि उनकी योग्यता और वर्षों के अनुभव को नजरअंदाज करते हुये श्रवण कुमार पटेल का गलत तरीके से चयन किया गया है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थी के प्रमाण पत्रों के साथ पूरी चयन प्रक्रिया की जांच कराने की मांग की। उनका कहना है कि चयन प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के कारण उन्हें मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा है। शंकर प्रिय राम ने कहा कि जब तक पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उन्हें न्याय नहीं मिलता, तब तक उनका आमरण अनशन जारी रहेगा। उन्होंने अनशन के दौरान किसी अप्रिय घटना के लिये जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, लिपिक शंकर चौधरी एवं चयन समिति को जिम्मेदार ठहराया है। इधर अनशन के चौथे दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के चिकित्सक डॉ रंजन दास ने धरना स्थल पहुंचकर शंकर प्रिय राम के स्वास्थ्य की जांच की। जांच में उनका रक्तचाप 100/70 और ब्लड शुगर 68 पाया गया। बताया गया कि अनशन के दौरान उनका वजन 55 किलोग्राम से घटकर करीब 50 किलोग्राम हो गया है। वहीं भवनाथपुर के अंचल अधिकारी शंभू राम भी धरना स्थल पहुंचे और अनशनकारी से मामले की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारी को पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत कराने की बात कही।

### इनर व्हील क्लब ने शिक्षिका को किया सम्मानित

# महिलाओं ने मनाया तीज उत्सव



**गढ़वा :** समाजसेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय इनर व्हील क्लब ऑफ गढ़वा ग्लोरियस की ओर से सोनपुरवा में क्लब सदस्य निशा जायसवाल के आवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षिका जया तिवारी को शिक्षक सम्मान से नवाजा गया। इसके साथ ही पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ तीज महोत्सव भी मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत क्लब की सदस्य सोनी गुप्ता ने इनर व्हील प्रार्थना के साथ की। इसके बाद दीप जलाकर क्लब की अध्यक्ष दिपाली अग्रवाल ने अतिथियों, बीएनटी सेंट मेरी पब्लिक स्कूल की शिक्षिका जया तिवारी और क्लब की सदस्यों का स्वागत किया। क्लब की उपाध्यक्ष विनीता आनंद ने जया तिवारी का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। इसके बाद सदस्यों ने उन्हें शॉल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।मौके पर अध्यक्ष दिपाली अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं। जया तिवारी ने अपने अध्यापन के माध्यम से बच्चों के भविष्य को संवारने में सराहनीय योगदान दिया है। सम्मानित शिक्षिका जया तिवारी ने क्लब के प्रति आभार जताते हुये कहा कि यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक निष्ठा के साथ कार्य करने के लिये प्रेरित करेगा। सम्मान समारोह के बाद तीज महोत्सव का रंगारंग आयोजन हुआ। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने तीज गीतों और बॉलीवुड लोकनृत्यों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न मनोरंजक खेल और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। विजेताओं को क्लब की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन रजनी गुप्ता ने किया। मौके पर अंकिता अग्रवाल, ममता कश्यप, शोभा सोनी, रुचि अग्रवाल, प्रीति रानी कश्यप, श्वेता अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, शोभा कश्यप, प्रतिमा कश्यप, प्रीति गुप्ता, खुशबू गुप्ता, डॉ प्रीति गुप्ता, श्वेता सोनी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)